दिन– शनिवार दिनांक– 04 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

01. राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से छठ पर्व के बाद कम चरणों में बिहार विधानसभा चुनाव कराये जाने की मांग की। आयोग की टीम ने राजनीतिक दलों के साथ–साथ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी की बैठक।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बासठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की युवा केंद्रित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया।

03. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पटना में मखाना महोत्सव की शुरूआत की। कहा – मखाना की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए केंद्र ने चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपये मंजूर किये हैं।

05. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश। महाराजगंज में रिकॉर्ड तीन सौ चौबीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वज्रपात की घटनाओं में दस लोगों की मौत।

---

राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से छठ पर्व के बाद कम चरणों में बिहार विधानसभा चुनाव कराये जाने की मांग की है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग के एक दल ने आज बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए राजनीतिक दलों के साथ विचार–विमर्श किया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, जदयू, राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, वामपंथी दलों समेत बारह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अपने विचार और सुझाव रखे। बैठक के बाद, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि चुनाव अगले महीने की तीन या चार तारीख के बाद दो चरणों में कराए जायें।

–––बाइट–––

---

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि उनकी पार्टी ने एक चरण में चुनाव कराने का आयोग से अनुरोध किया है।

–––बाइट–––

इधर, राजद ने भी एक चरण में चुनाव कराने की मांग की है। पार्टी सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने पार्टी की ओर से कई सुझाव चुनाव आयोग को दिये हैं।

———बाइट———

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने दो चरणों में चुनाव कराए जाने की मांग की है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग के दल ने बाद में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ भी एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें प्रशासन और कानून–व्यवस्था से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गयी।

———————————————————————————

भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज पटना में विधानसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के चयन के लिए चुनाव समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में चुनाव अभियान समिति के सदस्यों के साथ–साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बैठक में विधायकों की उपलब्धि और उम्मीदवारों के चयन से जुड़े मुद्दों पर मुख्य रूप से चर्चा हो रही है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज युवाओं के लिए बासठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। ये युवा केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–सेतु योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण संस्थानों को उन्नत बनाया जाएगा और आधुनिक मशीनों से सुसज्जित किया जाएगा।

———बाइट———

पीएम सेतु योजना के माध्यम से इन आईटीआईज़ को अपग्रेड किया जाएगा। यहां नई मशीनें आएगी। आधुनिक मशीनें आएगी। इंडस्ट्रीज के ट्रेनिंग एक्पट्र्स यहां आएंगे। करीकूललम भी आज की और फ्यूचर की डिमांड के हिसाब से अपग्रेड होगा। एक तरह से पीएम सेतु योजना दुनिया की स्किल्ड डिमांड से भी भारत के युवाओं को जोड़ेगी।

श्री मोदी ने एनआईटी पटना के बिहटा में बने नये परिसर का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने बिहार में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने कहा कि यह विश्वविद्यालय कर्पूरी ठाकुर के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

———बाइट———

साथियों, मुझे खुशी है कि आज के कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को एक नई स्किल यूनिवर्सिटी मिली है। नीतिश जी की सरकार ने इस यूनिवर्सिटी का नाम भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के नाम पर रखा है। उनके नाम पर बनने वाली यह स्किल यूनिवर्सिटी सपने को आगे बढाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार बिहार के युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाइट———

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने बिहार के लिए कई अन्य परियोजनाओं की शुरूआत की। ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री ने बिहार में मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष लगभग पांच लाख स्नातक युवाओं को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण के साथ दो साल तक एक हजार रुपये का मासिक भत्ता मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बिहार युवा आयोग का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने बिहार के सरकारी विद्यालयों के नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों के बीच चार सौ पचास करोड़ रुपये छात्रवृति की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया। कार्यक्रम में नव चयनित तीन हजार नौ सौ बयालीस युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इस अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजागर देने के लिए लगातार काम कर रही है। अब तक पचास लाख युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है।

———बाइट———

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। साथ ही एनआईटी, बिहटा में आयोजित समारोह में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार भी शामिल हुए।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पटना में मखाना महोत्सव की शुरूआत की। मखाना के संवर्धन, प्रसंस्करण और किसानों की आय वृद्धि के लिए इस महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने मखाना बोर्ड गठित करने की अधिसूचना जारी कर दी है।

मखाना अनुसंधान, प्रसंस्करण और उत्पादन के लिए आधुनिक मशीनों तथा नई किस्मों के विकास के लिए चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। श्री चौहान ने युवाओं से मखाना के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने की अपील की।

———बाइट———

इसके अलवा केंद्रीय कृषि मंत्री ने पटना में ही राज्य स्तरीय बासंतिक यानि रबी कार्यशाल और किसान सलाहकारों के उन्मुखीकण कार्यशाला का भी उद्घाटन किया।

---

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सलाह दी है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवा न दी जाए। मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सेवा निदेशकों को एक पत्र लिखा है। परामर्श में कहा गया है कि आमतौर पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इन दवाओं की सलाह नहीं दी जाती है। इससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए खांसी और सर्दी की दवा का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक डाक्टर की सलाह तथा कड़ी निगरानी के बाद ही किया जाना चाहिए।

---

सुपौल के त्रिवेणीगंज रेलवे स्टेशन से पहली बार यात्री ट्रेन का संचालन शुरू हुआ। स्थानीय सांसद दिलेश्वर कामैत ने पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुपौल—अररिया नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत सहरसा—अमहा—पिपरा पैसेंजर ट्रेन को फिलहाल त्रिवेणीगंज तक विस्तारित किया गया है। इस अवसर पर त्रिवेणीगंज की विधायक वीणा देवी समेत वरीय प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

---

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, सीवान, सारण, शिवहर, समस्तीपुर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, दरभंगा और मधुबनी समेत कई जिलों में अत्यंत भारी बारिश हुयी है। सीवान जिले के महाराजगंज में रिकॉर्ड तीन सौ चौबीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। भोजपुर के जगदीशपुर में दो सौ नब्बे मिलीमीटर बारिश हुयी है। कई अन्य स्थानों पर भी दो सौ अस्सी से दो सौ मिलीमीटर तक वर्षा दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल

सुपौल, अररिया और मधुबनी जिले में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया और सहरसा जिले में अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

---

इधर, राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश के दौरान वज्रपात की घटनाओं में कम से कम दस लोगों की मौत हो गयी। जहानाबाद में तीन, पश्चिम चंपारण में दो, जबकि भोजपुर, नालंदा, खगड़िया, किशनगंज और गोपालगंज जिले में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

---

हमारे संवाददाता ने बताया कि सारण जिले में अत्यधिक भारी बारिश के चलते सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद कर दिया गया है। छपरा शहर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुयी है। जिला प्रशासन ने किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। इधर, शिवहर में भी जिला प्रशासन ने भारी बारिश को देखते हुए सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को कल तक के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से छठ पर्व के बाद कम चरणों में बिहार विधानसभा चुनाव कराये जाने की मांग की। आयोग की टीम ने राजनीतिक दलों के साथ–साथ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी की बैठक।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बासठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की युवा केंद्रित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया।

03. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पटना में मखाना महोत्सव की शुरूआत की। कहा – मखाना की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए केंद्र ने चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपये मंजूर किये हैं।

05. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश। महाराजगंज में रिकॉर्ड तीन सौ चौबीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वज्रपात की घटनाओं में दस लोगों की मौत।

---